# नेक्स्ट-जनरेशन एंटरेप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए एमडीआई मेगामाइंड्स' की घोषणा

**गुड़गांव टुडे, गुरुग्राम**

मैनेजमेन्ट डेवलपमेन्ट इंस्टीट्यूट (एमडीआई) गुड़गांव ने अपने प्रमुख स्टार्टअप पिच इवेंट एमडीआई मेगामाइंड्स के एक और पावर-पैक्ड एडीशन का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन लक्ष्य बिल्डिंग, तीसरी मंज़िल, कमरा नंबर 9, एमडीआई गुड़गांव कैंपस में किया गया।

एमडीआई मेगामाइंड्स ने अपने आप को ऐसे महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित कर लिया है जहां दूरदृष्टा उद्यमियों को अनुभवी निवेशकों एवं स्टार्ट-अप प्रशंसकों के साथ मिलने का मौका मिलता है।

इस साल के एमडीआई मेगामाइंड्स में प्रतिष्ठित प्रवक्ताओं एवं जूरी सदस्यों का शानदार पैनल शामिल था, जिनमें उद्यमिता एवं निवेश की दुनिया से कुछ सबसे प्रभावशाली एवं दूरदृष्टा लीडर मौजूद रहे। उपस्थितगणों को उद्योग



जगत के दिग्गजों के साथ बातचीत करने और सीखने का मौका मिला।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रोफेसर लीना अजीत कौशल, चेयरपर्सन, एमडीआई, एक्सेलक्यूब (एमएसी) ने कहा, ''हमारा मानना है कि आइडियाज़ में भविष्य को बदलने की ताकत होती है।

हमारा उद्देश्य ऐसे प्लेटफॉर्म का निर्माण करना है, जहो इनोवेटर्स, बदलावकर्ताओं एवं दूरदृष्टाओं को एक दूसरे से जुड़ने, आपसी सहयोग से काम करने करने और एक दूसरे को प्रेरित करने का मौका मिले।'